




# ... फिर स्थगित हुआ मुख्यमंत्री का दौरा, व्यवस्था में खर्च, लाखों बर्बाद

## जिले के बहरी में दो बार मुख्यमंत्री का आगमन स्थगित होने से हुए लाखों के व्यय को लेकर व्यवस्था से जुड़े विभाग के अधिकारियों की खर्च अर्जेस्टमेंट की बड़ी परेशानी

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 दिसम्बर। मुख्यमंत्री का बहरी दौरा फिर स्थगित होने से व्यवस्था में लाखों का खर्च बर्बाद हो गया। जिले के बहरी में दो बार मुख्यमंत्री का आगमन स्थगित होने से हुये लाखों के व्यय को लेकर व्यवस्था से जुड़े विभाग के अधिकारियों की खर्च अर्जेस्टमेंट की बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का सीधी जिले के बहरी में 7 दिसम्बर 2025 को दौरा कार्यक्रम आनन-फानन में 5 दिसम्बर 2025 को सुबह निर्धारित किया गया था। मुख्यमंत्री के आगमन की जानकारी पर सीधी जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ कार्यक्रम स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी में जुटा हुआ था। किन्तु देर रात मुख्यमंत्री कार्यालय से कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना



दी गई। सूचना में कहा गया कि अपरिहार्य कारणों से आगामी तिथि तक मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम एक बार फिर स्थगित होने से विधानसभा क्षेत्र सिहावल की जनता में मायूसी छा गई। पूर्व में मुख्यमंत्री का बहरी कार्यक्रम 19 सितम्बर 2025 को निर्धारित था और वह भी अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया था।

ऐसे में सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि आखिर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अचानक फिर क्यों स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी में तमाम प्रशासनिक अधिकारी पूरी मुस्तैदी के साथ जुटे हुये थे। यहां तक कि संभागीय प्रशासनिक अधिकारी भी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पूरी तरह से अलर्ट मोड में थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तमाम बड़े अधिकारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई थी। इससे पूर्व 19 सितम्बर को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम तैयारी में करोड़ों रूपये खर्च हुये थे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम पहली बार भी स्थगित होने से यह राशि बर्बाद हो गई।

### व्यवस्था सामग्री के बीच रास्ते से वापस हुए वाहन

व्यवस्था से जुड़े विभागीय सूत्रों की यदि बात सही मानी जाये तो मुख्यमंत्री के पिछले आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल एवं हैलीपेड में की व्यवस्था में लाखों रुपये के व्यय का अभी अर्जेस्टमेंट नही हुआ और फिर एक बार मुख्यमंत्री के बने दौरे को लेकर आनन-फानन में व्यवस्था बनाने में अधिक व्यय लगता है। इस बार भी व्यवस्था के अलावा बाहर आने वाली सामग्री के वाहन सिंगरौली और शहडोल से रवाना हो गये थे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना मिलने पर वाहनों को आधे रास्ते से वापस तो भेज दिया गया। लेकिन वाहन के भाड़े के अर्जेस्टमेंट की परेशानी का सामना संबंधित विभाग के अधिकारियों को करना पड़ता है।

### आखिर इसके लिए कौन है जिम्मेदार

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का बहरी दौरा अचानक स्थगित होने को लेकर आखिर कौन जिम्मेदार है। इसको लेकर लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। फिर भी प्रथम दृष्टया इसके लिये मुख्यमंत्री कार्यालय को जिम्मेदार माना जा रहा है। यदि मुख्यमंत्री की 7 दिसम्बर को अन्य कार्यों में व्यस्तता थी तो सीधी जिले के बहरी में कार्यक्रम क्यों निर्धारित किया गया था। बाद में अचानक कार्यक्रम निरस्त कर देने से तैयारी में लाखों का व्यय बर्बाद हो गया। आखिर तैयारी में व्यय राशि भी जनता की थी।

### इनका कहना है

मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम के अचानक स्थगित होने पर प्रशासनिक तैयारियों पर कोई भी व्यय नहीं हुआ है। समय पर कार्यक्रम स्थगित की सूचना मिल जाने से कार्यक्रम स्थल पर विशेष तैयारियां नहीं हुई थीं। जहां तक हेलीपैड निर्माण की बात है तो वह आवश्यक स्थानों में स्थाई रूप से बनाया जाता है। बहरी में भी पूर्व में बनाया गया हेलीपैड स्थाई रूप से बनाया गया है।

**बी.पी.पाण्डेय, एडीएम सीधी**

# मझौली नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस की तैयारी बैठक आयोजित

## अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए हुई रायशुमारी



नवभारत न्यूज

**मझौली, 6 दिसम्बर। मझौली में आगामी नगर पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए आज कांग्रेस की महत्वपूर्ण तैयारी बैठक मझौली में संपन्न हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने की।**

बैठक की शुरुआत संगठन सुदृढ़ीकरण और चुनावी रणनीति के एजेण्डे के साथ हुई। इसके उपरांत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए विस्तारपूर्वक रायशुमारी की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी राय प्रस्तुत करते हुए संगठन के मजबूतीकरण और बेहतर प्रत्याशी चयन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि एवं संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि मझौली नगर पंचायत चुनाव कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है। हमें एकजुट होकर संगठन की ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरना है। सही प्रत्याशी, मजबूत चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही जीत सुनिश्चित करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि रायशुमारी एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है और कांग्रेस हमेशा कार्यकर्ताओं की राय को प्राथमिकता देती है। सभी कार्यकर्ता संगठित होकर काम करेंए क्षेत्र में जनसम्पर्क बढ़ाएं और आगामी नगर पंचायत चुनाव को सफल बनाएं। हर कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझकर अभी से चुनावी मोड में आ जाए। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, उपाध्यक्ष आनन्द सिंह शेरगांव, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विदेश सिंह, वरिष्ठ नेता गणेश सोनी, इंद्रबली सिंह गहरवार, बृजेंद्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यमुना वर्मा, एड.महेन्द्र सिंह, उमा सिंह एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह चंदेल शनी सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल तथा अन्य फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने आगामी नगर पंचायत चुनाव को कांग्रेस के पक्ष में सफल बनाने का संकल्प लिया।

# बारी लगाने के विवाद में पति-पत्नी से मारपीट

नवभारत न्यूज

**मझौली 6 दिसम्बर। मझौली थाना के पुलिस चौकी पथरौला अंतर्गत ग्राम गिजवार में बारी लगाने के विवाद में पड़ोसी दम्पत्ति द्वारा पति-पत्नी के साथ काफी बेरहमी के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया गया।**

घायलों ने पुलिस चौकी पथरौला में पहुंचकर रिपोर्ट की। फरियादी सुनीता नामदेव पति बरमदीन नामदेव उम्र 40 वर्ष ने रिपोर्ट में कहा है कि 30 नवम्बर 2025 को मैं अपने घर के आंगन में बारी लगवा रही थी। इसके बाद मजदूरों को लेकर अपने घर के आंगन की सीमा में बारी लगवाना शुरू की। उसी दौरान पड़ोसी सरोज कुशवाहा सीमा में बैठकर खाना खाने लगी। जब उसे वहां से उठने के लिए कहा गया तो उसके द्वारा गाली-गलौच शुरू कर दिया गया। यह सुनकर सरोज का पति राजेन्द्र कुशवाहा भी मौके पर पहुंचा और दोनो मिलकर सुनीता नामदेव और उसके पति बरमदीन नामदेव के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया गया। रिपोर्ट पर दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 174 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# सीधी की दमदार शुरुआत, पहले दिन बनाए 6 विकेट पर 356 रन

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 दिसम्बर। एमपीसीए ग्राउंड में खेले जा रहे इंटर डिस्टिक अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डीसीए सीधी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन का खेल अपने नाम कर लिया।**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीधी की टीम ने निर्धारित 73 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 356 रन बनाकर मजबूत परिस्थिति बना ली है। सीधी की ओर से शानदार बल्लेबाजी देखने को मिली। टीम के स्टार खिलाड़ी विवेक राजपूत ने



बेहतरीन शतकीय पारी खेलते हुए 119 रन की धमाकेदार इनिंग खेली। वहीं कृष्णा वर्मा ने शानदार 81 रन का योगदान दिया। सिद्धार्थ भी बेहतरीन लय में दिखे और उन्होंने 51 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक क्रीज़ पर उदित 24 रन और ध्रुव 16 रन बनाकर नाबाद डटे हुए हैं और दूसरे दिन बड़ी साझेदारी की उम्मीद है। गेंदबाजी की बात करें तो सतना की ओर से सोम और भुवनेश्वर ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए।

तीन दिवसीय इस फाइनल मुकाबले में डीसीए सीधी और डीसीए सतना के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है। पहले दिन के खेल के आधार पर सीधी ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है और अब दूसरे दिन टीम बड़े स्कोर की ओर बढ़ने का लक्ष्य लेकर उतरेगी।

तीन दिवसीय यह मुकाबला रोमांच के चरम पर है और क्रिकेट प्रेमियों की नजरें अब दूसरे दिन के खेल पर टिकी हुई हैं।

# दिल्ली में 14 को वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में सहभागिता सुनिश्चित करें कांग्रेसजन : दिलीप

## सिहावल विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 दिसम्बर। विधानसभा क्षेत्र सिहावल के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहावल एवं बहरी की संयुक्त महत्वपूर्ण बैठक आज जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।**

बैठक की शुरुआत संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ की गई। इसके बाद संगठनात्मक विषयों, एसआईआर की प्रगति, क्षेत्रीय गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक



चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि देश में लोकतंत्र पर हो रहे प्रहारों के खिलाफ कांग्रेस सड़क से संसद तक संघर्षरत है। 14 दिसम्बर का दिल्ली आंदोलन जन-आवाज को बुलंद करने का ऐतिहासिक अवसर है। सिहावल के सभी कांग्रेस नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प मजबूत करें। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही जीत की कुंजी है। प्रत्येक कार्यकर्ता एसआईआर, जनसंपर्क और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाकर आगामी कार्यक्रमों में अपनी भूमिका सुनिश्चित करे। दिल्ली आंदोलन में सिहावल की मजबूत उपस्थिति हमारा संकल्प और एकजुटता प्रदर्शित करेगी। सभी ने आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, महामंत्री ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, वरिष्ठ नेता अम्बिकेश पाण्डेय, तेजबहादुर सिंह, रमेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शारदा सिंह, अरविंद द्विवेदी सहित वरिष्ठ नेता ब्लॉक मंडलम सेक्टर कांग्रेस के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# इंद्रलाल सिंह के पुत्र उत्कर्ष असिस्टेंट कमाडेंट के लिए चयनित

नवभारत न्यूज

**कुसमी 6 दिसम्बर। जिले के जनपद पंचायत कुसमी में पदस्थ उपयंत्री इंजी.इंद्रलाल सिंह के पुत्र उत्कर्ष सिंह का असिस्टेंट कमांडेंट भारतीय तटरक्षक बल पद में चयन हुआ है जो ऑल इंडिया रैंक मे दूसरा स्थान हांसिल किये हैं।**

इंजीनियर श्री सिंह के पुत्र उत्कर्ष सिंह की सफलता पर जिले भर मे जश्न का माहौल है। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अभ्युदय सिंह राज, जिला पंचायत सदस्य खड़ौरा कृष्णलाल पयासी छोटू, हीराबाई सिंह कुसमी, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामबती सिंह, विधायक प्रतिनिधि रोंहणी रमण मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि



रमाशंकर गुप्ता, दादर स्पोर्ट्स एवं म्यूजिक के संयोजक कनक द्विवेदी, संजय सिंह मझिगवां, जीआरएस पंकज तिवारी सोनू भैया, पूर्व सरपंच दादर संतोष तिवारी, रामप्रसाद कुशवाहा सिरौला, हरिशंकर पनिका, रामभजन जायसवाल, रवि द्विवेदी, ग्रामीण यांत्रिकी के कार्यपालन यंत्री सी.एल.साकेत, इंजी.सरिता सिंह, इंजी.बृजेन्द्र कोरी, इंजी.अमर सिंह, इंजी.राकेश सिंह, इंजी.राघवेन्द्र द्विवेदी, इंजी.मोहम्मद फारुख, इंजी.प्रदीप द्विवेदी, इंजी.आर.के. उपाध्याय, इंजी.एस.एस.किरार, इंजी.अखिलेश नारायण मौर्य, इंजी.अनित कुमार दीपांकर, इंजी.प्रकाश परिहार, इंजी.अशोक सिंह, इंजी.अजय शर्मा, इंजी.चित्तार्थ सिंह परिहार, इंजी.जे.पी.सेन, इंजी.प्रीती पाण्डेय सहित जिले भर के समस्त उपयंत्री व सहायक यंत्री, सरपंचों, सचिवों व सहायक सचिवों द्वारा बधाई शुभकामनायें प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किये हैं।



# जिले में नशा मुक्ति की मजबूत पहल, 8 हजार से अधिक छात्रों ने ली जागरुकता शपथ

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 दिसम्बर। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में पीएम श्री संजय गांधी कॉलेज एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान को अधिक प्रभावी और सफल बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा ने दोनों संस्थानों में पहुंचकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया।**

धनंजय मिश्रा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छात्रों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाते हुए सामूहिक नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान 8000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक शपथ ग्रहण की, जिससे अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग से चंद्र प्रताप तिवारी तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से ट्रांस-डिसिप्लिनरी विशेष शिक्षक शिवांशु शुक्ला उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों से नशे से दूरी बनाए रखने एवं अपने परिवार व समाज को इसके नुकसान के प्रति जागरूक करने की अपील की। जागरूकता कार्यक्रम में नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और पारिवारिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नशा छोड़ने के उपाय, उपलब्ध सहायता संसाधन और सकारात्मक व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन तथा प्रशासनिक टीम के समन्वित प्रयासों से संचालित यह अभियान यह साबित करता है कि यदि युवा शक्ति जागरूक हो जाए, तो नशा मुक्ति का लक्ष्य पूरी तरह प्राप्त किया जा सकता है।

# कलश शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ आज से

नवभारत न्यूज

**मझौली 6 दिसम्बर। नगर क्षेत्र मझौली के जाने माने व्यवसाई राम ट्रेडर्स के संचालक गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया है।**

यह कलश शोभा यात्रा डीज में गाजे-बाजे व सुशोभित रथ झांकी के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान नगर क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पहुंचकर देवी-देवताओं को आमंत्रित करते हुए जलाशयों से



जल एकत्रित कर कथा स्थल पर विधि पूजन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। कथा का संचार 7 दिसम्बर रविवार से श्री राम मंदिर के पास श्रीराम काम्पलेक्स में कथा व्यास डॉ.कृष्णेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी महराज के मुखारविंद से सुमधुर ध्वनि में संचारित किया जाएगा। जहां मुख्य यजमान के रूप में रेखा रामलखन गुप्ता, संगीता-सत्यवान गुप्ता, नीलिमा-श्रीराम गुप्ता विराजमान हो कथा श्रवण पुण्य लाभ प्राप्त करते हुए जात-परिवार, नात-रिश्तेदारों के साथ क्षेत्र वासियों को कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने का अवसर प्रदान कर रहे है।

# जेएनवि में आज आयोजित होगा पुरातन छात्र सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 दिसम्बर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार 7 दिसम्बर को प्रात: 10.30 बजे पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।**

इस संबंध में प्राचार्य डॉ.डी.के.त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय परिवार की ओर से समस्त पुरातन छात्र-छात्राओं का अभिनंदन और स्वागत है। प्राचार्य ने कहा कि हमें न केवल आशा है, बल्कि पूर्ण विश्वास है कि हमारे पुरातन विद्यार्थी अपने अनुभवों, उपलब्धियों और व्यक्तित्व की झलक साझा कर वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को अपने भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पुरातन छात्रों के साथ संवाद और सहभागिता से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं प्रबंधन व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी।

# राज्य निर्वाचन आयोग ने किया नगरीय निकाय एवं पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

## मतदान 29 को, मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 को

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 दिसम्बर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 दिसम्बर 2025 को होगा।**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8




दिसम्बर 2025 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को प्रातरू 10.30 बजे से की जायेगी। नगर परिषद मझौली में अध्यक्ष पद एवं छुही में सरपंच पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होगी।

### मझौली नगर परिषद समेत अन्य क्षेत्रों में निर्वाचन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगरीय निकायो एवं पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु जिले के नगर परिषद मझौली में अध्यक्ष पद के लिए तथा जनपद पंचायत मझौली के ग्राम पंचायत छुही में सरपंच पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की जानी है। इसके साथ ही जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत बरिगवां नं. 1, कोचिटा, सारोकला, पडरी एवं उपनी, जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत चितांग, पहाडी, बघौडी, महुआर, दुधमनिया, देवरी, कुचवाही एवं जनकपुर, जनपद पंचायत कुसमी के ग्राम पंचायत पिपराही, बस्तुआ, कुसमी एवं रूंदा तथा जनपद पंचायत मझौली के ग्राम पंचायत सिरौला में पंच के लिए रिक्त एक-एक पद हेतु निर्वाचन संपन्न होगा।

### कल से शुरू हो जाएगा नामांकन पत्र

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी उपनिर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू हो जायेगा। नाम निर्देशन पत्र भरने का कार्य 15 दिसम्बर 2025 तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर एवं नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिनों निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। नगरीय निकाय एवं पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से होगा। सीधी जिले में निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही सबसे ज्यादा सुर्खियों में नगर परिषद मझौली का निर्वाचन आ गया है। अध्यक्ष पद के लिये दावेदारों की सरगर्मी तेज हो गई है। वहीं ग्राम पंचायत छुही में सरपंच पद के लिये भी दावेदारों की संख्या बढ़ने लगी है।